**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने काशीपुर में खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।
- उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा–श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय में इसी वर्ष से रोजगार परख विषय टूरिज्म की क्लास से शुरू की जाएगीं।
- चम्पावत जिले में साइकिल पखवाड़े के तहत आज ''संडे ऑन साइकिल'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ं।

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। श्री धामी ने कहा कि न्याय व्यवस्था को अधिक समावेशी, सुलभ, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना सुशासन की मूल भावना है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड न्यायाधीश संघ के वार्षिक सम्मेलन में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था को अधिक समावेशी, सुलभ, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना सुशासन की मूल भावना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मेलन की थीम समावेशिता, न्याय तक आसान पहुंच तथा न्यायिक संस्थाओं के सुदृ ढ़ीकरण जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित है, जो विकसित भारत के निर्माण के संकल्प से भी जुड़ी हुई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड जज एसोसिएशन की कल्याण निधि के लिए पांच करोड़ रुपये की धनराशि देने की घोषणा भी की।

**गणेश जोशी**

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने काशीपुर में खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कृ षि मंत्री ने कहा कि किसानों की मेहनत और नवीन तकनीकों को अपनाने की सोच ही कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। श्री जोशी ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं कम से कम उपयोग का आग्रह करते हुए कहा कि मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए नियमित मृदा परीक्षण कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों, आधुनिक कृषि पद्धतियों एवं जैविक उपायों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाने के लिए प्रेरित किया। श्री जोशी ने कह कि मिट्टी का स्वास्थ्य सुरक्षित रखना समय की आवश्यकता है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने अपने दो दिवसीय पिथौरागढ़ जिले भ्रमण के दौरान कल मुनस्यारी में जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में संचालित विकास योजनाओं, निर्माण कार्यों तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने राज्यपाल को मुनस्यारी, धारचूला एवं जिले के अन्य क्षेत्रों में संचालित महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों, सड़क संपर्क परियोजनाओं, आदि कैलाश यात्रा की व्यवस्थाओं, होमस्टे विकास कार्यक्रमों, सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन संवर्धन, वाइब्रेंट विलेज योजना तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। जिले में संचालित विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

**भाहीद**

जम्मू–कश्मीर के राजौरी जिले में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान अल्मोड़ा के युवा सेना अधिकारी लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी शहीद हो गए। कल शाम ऑपरेशन शेरावाली के दौरान वे तलाशी दल का नेतृत्व कर रहे थे। इसी दौरान दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में संतुलन बिगड़ने से वह गहरी खाई में गिर गए। साथी जवानों ने तत्काल बचाव अभियान चलाया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उनका निधन हो गया। अथरबनी, पाण्डेखोला निवासी और मूल रूप से बाड़ी, बग्वालीपोखर के रहने वाले बीरेश्वर गोस्वामी 5 असम रेजिमेंट में तैनात थे। मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने देश सेवा के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कल से प्रदेश के सभी मतदाताओं को गणना फार्म बांटने का कार्य शुरू किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने प्रदेश के समस्त मतदाताओं से बूथ लेवल एजेंट्स को सहयोग करने की अपील की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के सभी 11733 बीएलओ के पास गणना फार्म पंहुचा दिए गए हैं। इस अभियान के तहत प्रदेश के सभी मतदाताओं को गणना फार्म उपलब्ध कराए जाएंगे। आगामी 7 जुलाई तक एक माह के समय में बीएलओ द्वारा मतदाताओं के गणना फार्मों को बीएलओ एप्प के माध्यम से डिजिटिलाइज किया जाएगा।

## उच्च शिक्षा मंत्री

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने टिहरी के बादशाहीथौल में स्थित श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय में करीब 21 करोड़ की लागत से निर्मित ट्रांजिट हॉस्टल, मुख्यद्वार एवं आवासों का लोकार्पण किया। साथ ही राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी में 3 करोड़ की लागत निर्मित आईटी लैब का भी लोकार्पण किया। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय में इसी वर्ष से रोजगार परख विषय टूरिज्म की क्लास से शुरू की जाएगीं।

## संडे ऑन साइकिल

चम्पावत जिले में साइकिल पखवाड़े के तहत आज ''संडे ऑन साइकिल'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एसएसबी, बीआरओ और खेल विभाग के सहयोग से लोगों को पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

लोहाघाट स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान साइकिल रैली, पदयात्रा, जनजागरूकता रैली और शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण और दैनिक जीवन में साइकिल के अधिकाधिक उपयोग का संकल्प लिया।

स्पोर्ट्स स्टेडियम के प्रभारी एवं एथलेटिक्स कोच मोहन सिंह राणा ने कहा कि संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण तथा साइकिल उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और बच्चों ने भाग लिया और उन्होंने आम जन से सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल का उपयोग करने की अपील की।

## मुख्यमंत्री के सचिव

मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. एस.एन. पाण्डे ने अपने दो दिवसीय पिथौरागढ़ जिले के भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों, आधारभूत संरचना परियोजनाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का गहन परीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकताओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए तथा विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।